# वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली

## वार्षिक आख्या सत्र–2021–22

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि आज हम महाविद्यालय में वार्षिक एवं अलंकरण समारोह मना रहे हैं। बरेली नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था के रूप में प्रतिष्ठित वीरांगना रानी अवन्तीवाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली की स्थापना दिनांकः 01.07.1996 को महिला शिक्षा के पुनीत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु की गयी। बरेली महानगर एवं समीपवर्ती क्षेत्रों की छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं उत्तम शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने तथा छात्राओं की शिक्षणेत्तर प्रतिभा का निखारने हेतु कृत संकल्प यह महाविद्यालय विगत 26 वर्षो से शिक्षा जगत में एक सुदृढ़ स्तम्भ की भाँति अपना स्थान बनाये हुए है।

वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर पर ,कला संकाय के चार विषयों गृहविज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र तथा संगीत तथां विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर लगभग 2600 छात्रायें अध्ययनरत हैं।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य को जिला एवं मण्डल स्तरीय पर नोडल अधिकारी के रूप में मिशन शक्ति, आजादी अमृत महोत्सव, स्वीप, पौधा रोपण, सड़क सुरक्षा सप्ताह, महिला दिवस इन कार्यक्रमों में नामित किया गया।

महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों तथा प्रशासनिक कार्यो के सुगम संचालन हेतु महाविद्यालय में विभिन्न परिषदों तथा समितियों का गठन किया गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा देने तथा पाठ्यक्रम सहगामी व प्रसार गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण हेतु सतत् प्रयत्नशील रहते हैं। शिक्षणेत्तर गतिविधियों के रूप में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर्स यूनिट, क्रीड़ा परिषद, सांस्कृतिक व विभागीय परिषदें कियाशील हैं। साथ ही आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमैण्ट सैल, शास्ता मण्डल एवं Grievance Redressal Cell, महिला प्रकोष्ठ, पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद इत्यादि शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से अपने कार्यों का कुशलतापूर्वक निष्पादन करते हैं।

महामारी कोविड–19 के फलस्वरूप शासन के निर्देशानुसार रेंजर्स पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अप्रैल माह में आयोजित किया गया। शरद नवरात्रि के आरम्भ से चैत्र नवरात्रि तक निरन्तर चलने वाला उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लांच मिशन शक्ति कार्यक्रम का तीसरा चरण आरम्भ किया गया, जिसमें प्रत्येक दिन सरकारी कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार कार्यक्रम संचालित किए गए। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप (मतदाता जागरूकता अभियान) में प्रतिदिन कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में भू–जल जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से भू-जल सप्ताह दिनांक 16.07.2021 से दिनांक 22.07.2021 तक भू–जल के महत्व और उससे सम्बन्धि जागरूकता प्रसार के उद्देश्य से प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

महोदय, अत्यन्त हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय परीक्षा–2021 में स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान व संगीत विषयों में लगभग 96 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। स्नातक स्तर पर विभिन्न कक्षाओं में परीक्षाफल उत्तम रहा। विश्वविद्यालय की टॉपर कु0 ऐमन खान, एम0एससी0 द्वितीय की छात्रा रहीं। महाविद्यालय की टॉपर छात्राएं कु0 ऐमन खान, एम0एससी0 द्वितीय

वर्ष, कु0 आरती, एम0ए द्वितीय वर्ष (गृह विज्ञान), कु0 आकांशा वर्मा एम0ए द्वितीय वर्ष (राजनीति शास्त्र), कु0 आस्था गंगवार, एम0ए द्वितीय वर्ष (समाजशास्त्र), कु0 मीना, एम0ए द्वितीय वर्ष (संगीत गायन), कु0 लावण्या उपाध्याय, बी0ए0 तृतीय वर्ष, कु0 निकिता शर्मा, बी0कॉम0 तृतीय वर्ष, कु0 प्रज्ञा वर्मा, बी0एससी0 तृतीय वर्ष रहीं। महाविद्यालय की क्रीड़ा चैम्पियन कु0 स्वर्णिका, बी0ए0 प्रथम वर्ष रहीं।

महोदय, महाविद्यालय का हरा–भरा, पुष्पाच्छादित एवं वृक्षों की कतारों से सुसज्जित मनमोहक परिसर महाविद्यालय के पर्यावरण प्रकोष्ठ के अथक् प्रयासों का प्रतिफल है। परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के दायित्व का वहन् महाविद्यालय के पर्यावरण प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेंजर्स इकाइयों के द्वारा मिल–जुल कर किया जाता है।

महाविद्यालय में विभिन्न परिषदों, समितियों व प्रकोष्ठों के द्वारा वर्ष भर अनेक कार्यक्रम व आयोजन सफलतापूर्वक किये जाते है।

सत्र के प्रारम्भ में माह अगस्त, 2021 तथा सितम्बर, 2021 के मध्य तक विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार ऑनलाईन प्रवेश प्रप्रिया का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। जुलाई के मध्य से नियमित कक्षाओं का चलना प्रारम्भ हुआ।

देश के 75 वां स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 मनीषा राव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में शिक्षक दिवस को शिक्षक पर्व के रूप में दिनांक 05.09. 2021 से दिनांक 17.09.2021 तक मनाया गया। जो दिनांक 17.09.2021 तक लगातार मनाया जाएगा। जिसमें गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था नई शिक्षा नीति–2020 एक परिचय। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 मनीषा राव के द्वारा नई शिक्षा नीति पर सम्बोधन दिया गया तथा डॉ0 सन्ध्या सक्सेना द्वारा विस्तार पूर्वक छात्राओं की बताया गया।

हिन्दी दिवस समारोह पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 मनीषा राव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता **"वर्तमान समय में हिन्दी की प्रासंगिता विषय पर"** का आयोजन किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य कैंप, शिक्षक पर्व के उपलक्ष्य में व्याख्यान, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत काव्य–पाठ का आयोजन किया गया।

मण्डलीय स्तर पर रोवर/रेंजर्स प्रभारियों की बैठक महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीप गुप्ता, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली रहे। जिन्होंने स्काउट/गाइड की आजीवन सदस्यता लेने के महत्त्व तथा कैरियर में स्काउट गाइड सोपान प्रमाण पत्र के महत्त्व वताए गए।

स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएटेंशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य नवागन्तुक छात्राओं को नई शिक्षा नीति के अनुसार होने वाली शिक्षण व्यवस्था, शिक्षणेत्तर कार्यक्रम, नवीन सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार परीक्षा कार्यक्रम के विषय में विस्तार से वताया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 152वीं जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

दिनांक 24.01.2022 को प्राचार्य के निर्देशन में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव और चौरी चौरा कांड की शताब्दी महोत्सव के विशेष सन्दर्भ में ऑनलाईन वेबिनार **"स्वतन्त्रता संग्राम में उत्तर प्रदेश की भूमिका"** का आयोजन किया गया।

73 वें गणतंत्र के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 मनीषा राव ने महाविद्यालय राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण से किया। शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0प्र0 के संदेश का वाचन किया अपने सन्देश में शिक्षा निदेशक ने समस्त उत्तर प्रदेशवासियों को गणतन्त्र दिवस की बधाई देते हुए स्वाधीनता संग्राम सेनानियों तथा महापुरूषों के प्रति हार्दिक श्रृद्धा सुमन अर्पित की। शिक्षा में सुधार एवं अधिक वैज्ञानिक बनाने हेतु सम्पूर्ण एवं बहुविषयक शिक्षा, वार्षिक मूल्यांकन के स्थान पर क्रेडिट ट्रांसफर व्यवस्था, उच्च शिक्षा में एकल नियंत्रक, ई–कन्टेन्ट की क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्धता आदि प्रयास किये जा रहें हैं। इसके अतिरिक्त शोध, चिन्तन का बढ़ावा देने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों, मॉडल डिग्री कॉलेजों और शोध पीठों की स्थापना की जा रही है। अपने उद्‌बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य ने शहीदों को नमन करते हुए तथा गणतन्त्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोविड–19 सभी दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा। इस महामारी ने हमे सिखाया है कि किस प्रकार कम संसाधनों के सुविधाओं के होते हुए भी हम धैर्य और समझदारी से किसी भी बढ़ी से बढ़ी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

दिनांक 08.02.2021 को महाविद्यालय में प्राचार्य के संरक्षण में कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर में 15 वर्ष से अधिक की छात्राओं का टीकाकरण किया गया। 51 छात्राओं को कोवैक्सीन तथा 4 छात्राओं को कोविडशील्ड वैक्सीन लगाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली डॉ0 सन्ध्या रानी ने छात्राओं को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए टीकाकरण का महत्त्व बताया। चुनाव में छात्राओं को मतदान के लिए भी प्रेरित किया। जिला अस्पताल के टीम ने छात्राओं को समझाया कोवैक्सीन की दूसरी डोज 28 दिन तथा कोविडशील्ड की दूसरी डोज 84 दिन बाद लगवानी चाहिए।

महाविद्यालय में दिनांक 18.02.2022 से दिनांक 23.02.2022 तक चलने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम "युवा महोत्सव उमंग" के अन्तर्गत प्रथम दिवस में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ के पश्चात् छात्राओं ने ध्वज लेकर महाविद्यालय की प्राचार्य को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 अनुभूति ने सभी छात्राओं को खेल भावना के साथ सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करने की शपथ दिलाई। जिसमें 100 मीटर हीट्स दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला प्रक्षेपण, चक्का प्रक्षेपण, ऊँची कूद प्रतियोगितायें आयोजित की गई। महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं को पूर्ण शुचिता एवं खेल भावना को बनाये रखने के लिए प्रतियोगिताओं को सम्पन्न करने में अपना पूर्ण सहयोग दिया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक समस्त क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की।

"युवा महोत्सव उमंग" के अन्तर्गत द्वितीय दिवस में भाला फेक, रिले, लम्बी कूद एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह के साथ–साथ युवा महोत्सव से जुड़ी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा स्वर्णिका को क्रीड़ा चैम्पियन घोषित किया गया। ध्वज अवरोहण की प्रक्रिया के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन हुआ।

"युवा महोत्सव उमंग" के अन्तर्गत तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डॉ0 शीला रानी खरे के स्वागत में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत करके सम्पूर्ण कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। संगीत विभाग की छात्राओं में गुंजन उपाध्याय, काजल, दीक्षा प्रजापति, दिशा, संजना, चाँदनी, मालती, भारती, दीप्ती,

प्रिया झा ने डॉ0 भूपेन्द्र कुमार के निर्देशन में सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इसके पश्चात् छात्राओं ने महाविद्यालय के शिक्षा के परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करने वाला कुलगीत प्रस्तुत किया।

"युवा महोत्सव उमंग" के अन्तर्गत अन्तिम दिवस में छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह के रूप में मनाया गया। जिसमें प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

**पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद सम्मेलन**

दिनांक 09.03.2022 को महाविद्यालय में पुरातन छात्रा एवं अभिभावक परिषद के तत्वाधान में एक पुरातन छात्रा एवं अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ0 मनीषा राव ने किया। पुरातन छात्राओं ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादें साझां की। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय में पठन पाठन के माहौल, अनुशासन एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों को विशेष स्थान दिया।

**महिला प्रकोष्ठ**

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महिला सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य शिक्षा जैसे विषयों पर समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के आयोजनों के अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य को महिला दिवस के सप्ताह भर चलने वाले आयोजनों हेतु जिले का नोडल अधिकारी बनाया गया जिसके अन्तर्गत 05.03.2022 से दिनांक 11.03.2022 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के आयोजन में प्रतिदिन महिला अधिकार जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया में कैंपेन चलाए गए। इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण हेतु महाविद्यालयों में महिला सशक्तिकरण को लेकर किए गए आयोजनों की प्रतिदिन की रिपोर्ट महाविद्यालय स्तर पर एकत्रित करके प्रशासन को भेजी गई। दिनांक 04.03.2022 को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के साथ मिलकर महिला सुरक्षा हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**मिशन शक्ति फेज–3**

उत्तर प्रदेश सरकार शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज–3 का चरण आरम्भ किया गया। मिशन शक्ति में मण्डलीय स्तर पर प्रतिदिन कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार शपथ, पोस्टर, रंगोली, स्लोगन लेखन, निबन्ध लेखन, भाषण वाद–विवाद, नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ, डिजिटल अवेयरनैस, महिला हेल्थ क्लव की स्थापना, कानूनो की जानकारी, मनोवैज्ञानिक सत्र एवं परामर्श, महिला सुरक्षा आदि कार्यक्रम कराये गये।

**सड़क सुरक्षा सप्ताह दिनांक 22.11.2021 से 27.11.2021 तक**

दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार के अनुपालन में एक जिलास्तरीय एवं मण्डल स्तरीय दिनांक 22.11.2021 से 27.11. 2021 तक क्विज, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयाँ कार्यरत हैं। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस व सरदार वल्लभ भाई जी की 145 वीं जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में असि0प्रो0 रिंकू कुमार एवं डॉ0 विकास वर्मा पटेल ने कार्यभार संभाला। वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयाँ सामान्य कार्यक्रम एवं पूर्व निर्धारित 7 दिवसीय शिविरों के अतिरिक्त स्वयंसेवी छात्राओं ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में विभिन्न कार्यक्रमों में संलग्न रहीं।

**क्रीड़ा**

दिनांक 18 व 19 फरवरी 2022 को महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अन्तर्गत विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताएं चक्का प्रक्षेपण, गोला प्रक्षेपण, भाला प्रक्षेपण, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें महाविद्यालय की

छात्राओं ने उत्साह पूर्वक खेल भावना से प्रतिभागिता की। क्रीड़ा प्रतिभागिताओं में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वर्णिका पुत्री श्री राजीव कुमार को क्रीड़ा चैम्पियन घोषित किया गया। महाविद्यालय में आउटडोर एवं इंडोर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**मतदाता जागरूकता**

उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 में मतदाता जागरूकता (स्वीप) योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय स्तर पर तथा महाविद्यालय एवं मण्डलीय स्तर पर अन्य महाविद्यालयों से भी मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम शासन की रूपरेखा के अनुसार प्रतिदिन आयोजित कराये गये। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, रैली, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक, मतदाता– अभिभावक शपथ, ऑनलाईन वेबिनार, जिंगल के माध्यम से जन सामान्य में जागरूकता फैलायी जा गई।

**रेंजर्स**

वर्तमान में रेंजर्स की महाविद्यालय में दो रेंजर्स इकाईयाँ उ0प्र0 स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में पंजीकृत हैं। छात्राओं के संर्वागीण विकास हेतु समय–समय पर महाविद्यालय में होने वाले समस्त आयोजनों में रेंजर्स की इकाईयाँ सक्रिय सहयोग देती हैं। इसके अतिरिक्त रेंजर्स की छात्राओं ने समाज में जागरूकता से जुड़ी विभिन्न रैलियाँ जैसे–स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता, मतदान जागरूकता, बेटी–बचाओं बेटी पढ़ाओ निकाली हैं। दिनांक 24.02.2022 से 28.02.20222 तक को रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण हेतु श्री पुष्पकान्त शर्मा एवं कु0 मीनू शर्मा जिला मुख्यालय आयुक्त भारत स्काउट/गाइड बरेली विशिष्ट अतिथि श्री हरी लाल शर्मा ने छात्रओं को रेंजर्स से जुड़ी विभिन्न व्यवहारिक जानकारियाँ दीं। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को रेंजर्स से जुड़ी विभिन्न एवं क्रियाकलाप कराया गये। जिसमें तम्बू निर्माण के लिए विभिन्न तरह की गाँठे प्राथमिक चिकित्सा पुल निर्माण आदि चीजें छात्राओं को सिखायी गयीं। रेंजर्स की समस्त गतिविधियाँ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा राव के संरक्षण एवं उत्साहवर्धन से पूर्ण हुईं हैं। मुख्य अतिथि के रूप में एसो0प्रो0 इतवारी लाल को कलर पार्टी ने मार्च पास्ट एवं सलामी देकर उनका स्वागत किया।

**उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय**

महाविद्यालय में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र संचालित है। योगा डिप्लोमा 02 छात्राएं पंजीकृत हैं।

महाविद्यालय में राज्य सरकार की दशमोत्तर **छात्रवृत्ति** योजना के अन्तर्गत सत्र 2021–22 विभिन्न वर्गों में कुल **1792** छात्राओं के आवेदन पत्र अग्रसारित किये गये।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा गठिन की गयी विभिन्न जाँच समितियों में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विभिन्न प्राध्यापकों ने सहयोग दिया।

बरेली जिले के अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदो के अधियाचन हेतु सूचना समेकित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की प्राचार्या को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया। महाविद्यालय स्तर पर यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्तम योगदान दे रहें हैं। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाले जर्नल एवं पत्रिकाओं में उनके शोध–पत्र प्रकाशित होते हैं। इस सत्र में डॉ0 सन्ध्या सक्सेना 01 A study into English prose and writing skills co-authored, श्री रविन्द्र कुमार की 04 (1) Numerical Method, (2) Ring theory and liner Algebra, (3) Metric space and complex analysis, & (4) Roemann integraham series of function and metric space तथा डॉ0 भूपेन्द्र कुमार की 02 पुस्तकें प्रकाशित हुईं हैं। महाविद्यालय के एसो0प्रो0 डॉ0 संजय बरनवाल विश्वविद्यालय के

राजनीति शास्त्र के बोर्ड ऑफ स्टेडीज के सदस्य हैं। श्री सचिन गिहार ने Indian Patent Advanced Search System, New Delhi India ने विषय Catalyst Material for Producing Hydrogen Gas from Water पर पेटेन्ट प्रकाशित कराया गया साथ ही श्री सचिन गिहार द्वारा Web of Science Journal : International journal of Biology, Pharmacy and Allied Sciences में नवम्बर माह में वेब रिसर्च पेपर प्रकाशित किया गया है। महाविद्यालय की डॉ0 अन्नू महाजन को अन्तर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में टैगोर रत्न से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ0 हिमशिखा यादव, असि0प्रो0–वनस्पति विज्ञान ने बी0एससी0 न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अन्तर्गत विषय विशेषज्ञ के रूप में पाठ्यक्रम डिजाइन किया एवं महिला दिवस पर टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप द्वारा उनके उच्च शिक्षा तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए वूमेन आइकन ऑफ बरेली के रूप में सम्मानित किया गया। सभी प्राध्यापक समय–समय पर सेमीनार/कार्यशाला/अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय–समय पर प्रतिभाग करते रहें है। इन प्राध्यापकों में डॉ0 रन्जू राठौर, डॉ0 अनुभूति, श्री प्रवीण कुमार, श्रीमती हेमलता, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 अन्नू महाजन एवं डॉ0 भूपेन्द्र कुमार ने पुनश्चर्या कार्यक्रम में सहभागिता की। महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ समिति द्वारा प्राचार्य महोदया के निर्देशन में विभिन्न प्राध्यापकों के प्रोन्नति हेतु आवेदन पत्रों की जाँच एवं अग्रसारण किया गया।

डॉ0 मनीषा राव के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी, डॉ0 सन्ध्या के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी एवं डॉ0 रन्जू राठौर के शोध निर्देशन में 03 शोधार्थी शोधरत हैं।

महाविद्यालय का सुव्यवस्थित पुस्तकालय व वाचनालय, वाई–फाई कैम्पस, कम्प्यूटरीकृत कार्यालय सुदृढ़ परीक्षा व्यवस्था, छात्राओं की सुरक्षा के लिए CCTV Cameras तथा पठन–पाठन का रचनात्मक वातावरण यहां की उत्तम व्यवस्थाओं के परिचायक है। महाविद्यालय की छात्रायें निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय परिवार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। महाविद्यालय की छात्रायें ज्ञान प्राप्ति व प्रसार के पुनीत कार्य के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित करें तथा राष्ट्र निर्माण के पावन कार्य में योगदान करें, ऐसी हमारी आकांक्षा है।

दिनांकः

प्राचार्य (कार्यवाहक)
वी0आर0ए0एल0राजकीय
महिला महाविद्यालय,बरेली।